>

Title: Need for establishing pharma park and medical device park in Uttar Pradeh.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय सभापति जी, हमारे देश ने कोविड संक्रमण से पूर्व और बाद में और अधिक प्रभावी रूप से औषधियों के उत्पादन और निर्यात में प्रभावशाली परिणाम दिए हैं । ऐसी सकारात्मक स्थिति में भारत सरकार द्वारा मूल औषधियों के उत्पादन हेतु फार्मा पार्क और मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित करने पर विचार किया जा रहा है ।

अन्य प्रदेशों के साथ उत्तर प्रदेश ने फार्मा पार्क और मेडिकल डिवाइस स्थापित करने का प्रस्ताव भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय को प्रस्तुत किया है । उत्तर प्रदेश में विश्व स्तर की कई औषधियों की प्रयोगशालाएं हैं तथा सरकार ने कई औषधि प्रयोगशालाओं को पार्टनर बनाने का अनुबंध किया है । उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र लखीमपुर सहित ऐसे कई स्थान हैं, जहां औषधियों के उत्पादन एवं निर्माण हेतु अच्छा वातावरण है, परंतु एक बड़ा प्रदेश होने के बाद भी निर्यात व व्यावसायिक उत्पादन के बजाय आज भी हम अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे प्रदेशों पर निर्भर हैं ।

अत: मैं आपके माध्यम से रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय से मांग करता हूं कि औषधीय उपकरण एवं सर्जिकल आवश्यकताओं हेतु आत्मनिर्भर बनने एवं निर्यात बढ़ाने के लिए सस्ती एवं गुणकारी औषधियों की उपलब्धता हेतु उत्तर प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करके फार्मा पार्क स्थापित करने की कृपा करें ।